*Nuestra Señora de El Salto* का धर्मप्रदेशीय मरियन तीर्थस्थान का इतिहास ( एल साल्टो का तीर्थयात्री। टैकुंगा का बेशकीमती मोती)

17वीं शताब्दी की शुरूआत में, Dominicans प्रांत के फादर बेदोन ने सुसमाचार फैलाने की इच्छा के साथ तथा रोजरी वंदना करते हुए 1618वीं में एक पत्थर पर ईश्वर की माँ की सुन्दर पेंटिंग बनाई जो बालक येसु को पकड़े हुए और मेमने के बगल में युहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के बालों को सहलाते हुए, कुर्सी पर बैठी थी। सभी कोटोपैक्सी ज्वालामुँखी के तल पर थे। उसने उसे ''कुआँरी को विश्रामावस्था'' कहा है।

बाद के वर्षों में, इक्वाडोर का केंद्रीय क्षेत्र, जहां लाटाकुंगा शहर स्थित है, कई बार भूकंप का सामना करना पड़ा और इससे बड़ी क्षति हुई और 1698 में, ''कुआँरी को विश्रामावस्था'' का पत्थर गायब हो गया। 70 वर्ष बाद यह फिर से प्रकट हुआ और हमारे पूर्वजों द्वारा बहुत चौकसी से उसकी सुरक्षा की गई। मौजूदा संस्करणों में से एक है जो कहता है कि शहर से होकर बहनेवाली यानायानको नदी को पार करने के लिए कई लोग एक छलांग में पार किया करते थे, उनकी सुरक्षा को देखते हुए उन्होंने एक सपाट पत्थर को पुल के रूप में रख दिया। पत्थर को स्थिर रखने की इच्छा में किसी व्यक्ति ने उसे हटा दिया, और उसके सामने सुन्दर तसवीर दिखाई दी।

इस घटना की सूचना मिलने के बाद, भक्तों ने कुआँरी मरिया की तसवीर को नजदीक किसी स्थान पर स्थानांतरित कर दिया और उनके सम्मान में एक गिरजाघर का निर्माण किया, ''जिसे एल साल्टो का तीर्थस्थान कहा, टैकुंगा का बेशकिमती मोती।''

जनवरी 21, 1797 के भूकंप के बाद, स्थानीय लोगों ने ''भूकंप के पक्ष में'' शपथ ली कि प्रत्येक 4 फरवरी को उसकी याद में दावत का आयोजन, उसके होने की श्रद्धा और मान्यता में दैवी न्याय के प्रकोप को शांत करने के लिए भक्तिपूर्ण रहा है।'' उन्होंनें उसी स्थान जिसे ''एल साल्टो'' कहा जाता हैं चर्च का निर्माण कार्य फिर से शुरू किया।

वर्षों बीत गए और बाद में भुकम्प या Cotopaxi ज्वालामुखी विस्फोट में, लाटाकुंगा शहर को ''विर्जेन डेल साल्टो,'' का संरक्षण और आश्रय मिला, इस प्रकार वह अपने प्रत्येक बच्चे का समर्थन करके अपने मातृ सुरक्षा को प्रकट कर रही थी। जैसे वह एक हाथ में यीशु को और दूसरे हाथ में युहन्ना बपतिस्मा देनेवाले को पकड़े हुए है।

आज तक उनके कई पुत्र और पुत्रीयाँ उसके तीर्थस्थानों में जाते है, मोमबत्तियाँ चढ़ाते हैं और माँ से विशेष अनुग्रह एवं कृपा पाने के लिए प्रार्थना करते है और प्रत्येक दिए गए वरदानो के लिए धन्यवाद देते हैं।

**“*Nuestra Señora de El Salto*”** से प्रार्थना

कुआँरी माता मरिया,
जिन्होंने ईश्वर को संसार में उपस्थित किया है
हमारे बीच में
दया से हमारी ओर देखिए
हमारी जरूरतों में हमारी मदद करो,
स्वार्थ से हमारा उद्धार करो,
हमें अपने बेटे यीशु की छवि में बदलना,
पृथ्वी में परमेश्वर का राज्य स्थापित करने,
न्याय, बंधुत्व, और शांति स्थापित करने में हमारी मदद करो। आमीन।
पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा
सभी जगहों पर गौरवान्वित हो
बेदाग कुआँरी मरिया के नाम से, आमीन।